देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 314 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...सामाजिक विकास में हमारा मुकाम

पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 26 जनवरी 2020

PAGE 3 PUBLICATION

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 7.0°

41613.19

2 कश्मीर पर इमरान खान का नया पैंतरा

7 एकबार फिर गेंदबाजों की होगी परीक्षा

संक्षिप्त समाचार

अवंतीपोरा में मुठभेड़, 2 और आतंकी ढेर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार सुबह से हो रही मुठभेड़ में अब तक 2 आतंकियों को मार गिराया गया है। पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में सेना ने 2 आतंकियों को ढेर किया गया है। इस ऑपरेशन में सेना, एसओजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें शामिल हुई हैं। शनिवार को भी यहां छिपे आतंकियों की तलाश के लिए राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू–कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को लगाया गया था।

दोषियों के वकील का आरोप, विनय को दिया धीमा जहर

नई दिल्ली। फांसी की सजा टालने के लिए निर्भया के दोषी और उसके वकील एक के बाद एक चाल चल रहे हैं। आज पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान दोषी पक्ष के वकील एपी सिंह ने दावा किया कि जेल में दोषी विनय शर्मा को धीमा जहर दिया जा रहा है।

पाकिस्तान, बांग्लादेश के मुस्लिम घुसपैठिए देश से बाहर किए जाएं

सीएए पर मोदी सरकार का समर्थन करने पर राज ठाकरे पर बरसी शिवसेना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुंबई। महाराष्ट्र में सत्ताधारी शिवसेना ने शनिवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। पार्टी का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए मुस्लिम घुसपैठियों को भारत से बाहर कर देना चाहिए। इससे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने भी गुरुवार को सीएए का समर्थन किया था और 9 फरवरी को कानून के समर्थन में प्रोटेस्ट मार्च निकालने का ऐलान किया है।

राज ठाकरे के इस ऐलान के बाद शिवसेना ने अपने मुखपत्र श्सामनाश के जरिए उन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक महीने पहले राज ठाकरे का सीएए पर कुछ और स्टैंड था और वह इसे मंदी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की चाल बता रहे थे लेकिन अब वह अपने बयान से पलट गए हैं और सीएए के समर्थन में रैली निकालने जा रहे हैं। सेना ने ठाकरे को निशाने पर लेते हुए कहा कि दो झंडे थामना कन्फ्यूज्ड मानसिकता को दर्शाता है। बता दें कि गुरुवार को एमएनएस चीफ राज ठाकरे ने पार्टी का नया झंडा लॉन्च किया था जो भगवा रंग का है और जिसमें शिवाजी काल की राजमुद्रा (शाही मुहर) छपी है।

राज ठाकरे पर शिवसेना का तंज

शिवसेना ने ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए मुस्लिम घुसपैठियों को देश से बाहर कर देना चाहिए, इसमें कोई शक नहीं है लेकिन यह देखना दिलचस्प है कि एक पार्टी ने इस मुद्दे के लिए अपना झंडा बदल लिया। पार्टी के मुखपत्र श्सामनाश्में शिवसेना ने कहा कि राज ठाकरे ने 14 साल पहले मराठी मुद्दों पर पार्टी बनाई लेकिन अब वह हिंदुत्व की ओर मुड़ रहे हैं, लेकिन बाला साहेब और सावरकर के हिंदुत्व को निभाना बच्चों का खेल नहीं है। शिवसेना ने कहा, फिर भी हम बड़े दिलवाले हैं और हिंदुत्ववादी रुख अपनाने वाले लोगों का स्वागत करते हैं। हालांकि, यह विचारधारा उधार की है लेकिन यह हिंदुत्ववादी है।

हिंदुत्व की विचारधारा नहीं छोड़ीः शिवसेना

पार्टी ने कहा कि शिवसेना ने महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई है तो इसका मतलब यह नहीं कि पार्टी ने अपनी हिंदुत्व की विचारधारा छोड़ दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी महबूबा मुफ्ती तक से हाथ मिला सकती है लेकिन अगर कोई और ऐसा ही कदम उठाता है तो वह पाप बन जाता है।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन

याद रखें गांधी जी का अहिंसा मंत्र

गणतंत्र दिवस

■ राष्ट्रपति ने देश के विकास के लिए सत्ता–विपक्ष के साथ आने की अपील की

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि किसी भी उद्देश्य के लिए संघर्ष करने वाले लोगों को गांधी जी के अहिंसा के मंत्र को सदैव याद रखना चाहिए। राष्ट्रपति का यह सुझाव ऐसे समय में आया है जब सीएए के विरोध में देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन देखने को मिले हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, राष्ट्र–निर्माण के लिए, महात्मा गांधी के विचार आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक हैं। सत्य और अहिंसा का उनका संदेश हमारे आज के समय में और भी अधिक आवश्यक हो गया है। किसी भी उद्देश्य के लिए संघर्ष करने वाले लोगों, विशेष रूप से युवाओं को, गांधीजी के अहिंसा के मंत्र को सदैव याद रखना चाहिए, जो कि मानवता को उनका अमूल्य उपहार है। राष्ट्रपति ने देश के विकास के लिए सत्ता–विपक्ष के साथ आने की अपील करते हुए कहा, लोकतन्त्र में सत्ता और प्रतिपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

संविधान ने हमें कुछ अधिकार दिए हैः राष्ट्रपति ने अधिकार के साथ जिम्मेदारियों की याद दिलाते हुए कहा, हमारे संविधान ने हम सब को एक स्वाधीन लोकतंत्र के नागरिक के रूप में कुछ अधिकार प्रदान किए हैं। हम न्याय, स्वतंत्रता और समानता तथा भाईचारे के मूलभूत लोकतान्त्रिक आदर्शों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहें।

ST. JUDE'S SCHOOL
KNOWLEDGE IS LIGHT
DEHRA DUN

Warm Greetings and Congratulations to all the citizens of the State

Principal, Staff & Students
St. Jude's School, Dehradun